# विषय- हिन्दी पखवाड़ा 2023 के कार्यक्रम एवं प्रतियोगितायें

आदरणीय महोदय/महोदया,

एनसीपीओआर में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 14 से 29 सितंबर 2023 तक किया जा रहा है । इस अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के निर्देशो के अनुसार सभी सभी वर्गों/समूहों (वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों) हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । सभी से प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अनुरोध किया जा रहा हैं ।

## हिन्दी पखवाड़ा के कार्यक्रम

**हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ** : 14 सितंबर 2023 को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित हिन्दी दिवस एवं तृतीय राजभाषा सम्मेलन के साथ किया जाएगा ।

**हिन्दी पखवाड़ा का समापन** : 29 सितंबर 2023 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा ।

## हिन्दी पखवाड़ा प्रतियोगितायें

1. **प्रतियोगिता का नाम : श्रुत लेखन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस कर्मचारियों हेतु )**
   प्रतियोगिता के नियम : इस प्रतियोगिता में एनसीपीओआर के केवल एमटीएस कर्मचारी भाग ले सकते हैं । प्रतिभागियों को एक अनुच्छेद (पैराग्राफ) सुनकर शुद्ध, सुंदर व स्वच्छ लिखना होगा।
   समय: 18 सितंबर 2023, प्रातःकाल 10-11 बजे तक
   स्थान : सेमिनार हॉल, एनसीपीओआर
   पुरस्कार : कुल 8 पुरस्कार

2. **प्रतियोगिता का नाम : "राज्यस्तरीय हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता', गोवा राज्य के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों हेतु**
   प्रतियोगिता के नियम: यह प्रतियोगिता ऑफलाइन आयोजित की जाएगी ।निबंध का मूल्यांकन शब्दों की संख्या, विषय-वस्तु, वर्तनी, भाषा शैली, इत्यादि के आधार पर किया जाएगा । चयनित निबंधों को एनसीपीओआर की हिन्दी पत्रिका **"ध्रुविका"** में प्रकाशित किया जाएगा ।

   निबंध का विषय : **"भारत की चंद्रयात्रा"**।
   अधिकतम शब्द सीमा: 1500 शब्द ।
   समय: 20 सितंबर 2023 प्रातःकाल 10-12 बजे
   स्थान **:** सेमिनार हॉल ,एनसीपीओआर
   पुरस्कार : कुल 6 पुरस्कार

3. **प्रतियोगिता का नाम : वैज्ञानिक शोध कार्यों के प्रदर्शन हेतु पोस्टर (वैज्ञानिकों /परियोजना वैज्ञानिकों/शोधकर्ताओं हेतु व्यक्तिश)**
   प्रतियोगिता के नियम:संस्थान के सभी वैज्ञानिकों /परियोजना वैज्ञानिकों/शोधकर्ताओं हेतु अपने वैज्ञानिक शोध कार्यों पर आधारित हिन्दी में पोस्टर की पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण ए 0 (A0) साइज़ में सॉफ्ट कॉपी राजभाषा अनुभाग को उपलब्ध करवाना।

समय:- 21 सितंबर 2023 प्रातःकाल 11-12 बजे
स्थान: सेमिनार हॉल , एनसीपीओआर
पुरस्कार : कुल 5 पुरस्कार

4. **प्रतियोगिता का नाम : प्रत्येक अनुभाग के प्रदर्शन संबंधी पोस्टर ( सभी अनुभागों हेतु )**

प्रतियोगिता के नियम: संस्थान के प्रत्येक अनुभाग से उनके कार्यों के बारे में हिंदी /कोंकणी/मातृभाषा में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इस पोस्टर में अनुभाग में किए जा रहे कार्यों को दर्शाया जा सकता है । पोस्टर का पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण ए 0 (A0) साइज़ में सॉफ्ट कॉपी राजभाषा अनुभाग को उपलब्ध करवाना।

समय : 21 सितंबर 2023 अपराहन 12-13 बजे
स्थान: सेमिनार हॉल , एनसीपीओआर
पुरस्कार : कुल 5 पुरस्कार

5. **प्रतियोगिता का नाम : टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता (सभी के लिए)**

प्रतियोगिता के नियम: इस प्रतियोगिता में एनसीपीओआर के सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं । टिप्पणी का विषय प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पूर्व बताया जाएगा ।
समय: 22 सितंबर 2023, प्रातःकाल 10-11 बजे
स्थान : सेमिनार हॉल, एनसीपीओआर
पुरस्कार : कुल 5 पुरस्कार

6. **प्रतियोगिता का नाम : भाषण प्रतियोगिता (सभी के लिए)**

प्रतियोगिता के नियम: इस प्रतियोगिता में एनसीपीओआर के सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।
समय: 22 सितंबर 2023 अपराह्न 15-16 बजे
स्थान : सेमिनार हॉल, एनसीपीओआर
पुरस्कार : कुल 5 पुरस्कार

7. **प्रतियोगिता का नाम : हिंदी /हिंदीतर निबंध लेखन प्रतियोगिता (सभी के लिए)**

प्रतियोगिता के नियम: इस प्रतियोगिता में एनसीपीओआर के हिन्दी /हिंदीतर भाषी सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं। निबंध का मूल्यांकन शब्दों की संख्या, विषय-वस्तु, वर्तनी, भाषा शैली, इत्यादि के आधार पर किया जाएगा। हिन्दी एवं हिन्दीतर भाषी के लिए निबंध लेखन का मूल्यांकन अलग अलग किया जायेगा । चयनित निबंधों को एनसीपीओआर की हिन्दी पत्रिका “ध्रुविका” में प्रकाशित किया जाएगा।

निबंध का विषय : हिंदी के प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) / भारत की अध्यक्षता में जी 20 । निबंध का विषय दोनों में से कोई एक होगा , जो अंतिम समय पर बताया जायेगा ।
शब्द सीमा: अधिकतम शब्द सीमा 1500 शब्द ।
समय: निबंध 25 सितंबर 2023, प्रातःकाल 10-12 बजे तक
स्थान: ऑडिटोरियम हॉल, एनसीपीओआर
पुरस्कार : कुल 16 पुरस्कार ( 8 हिन्दी भाषी एवं 8 हिन्दीतर भाषी )।

**8. प्रतियोगिता का नाम : क्विज प्रतियोगिता (सभी के लिए)**
प्रतियोगिता के नियम: बहुवैकल्पिक प्रश्न
समय: 26 सितंबर 2023, प्रातःकाल 10-11 बजे
स्थान: ऑडीटोरियम हॉल, एनसीपीओआर
पुरस्कार : कुल 8 पुरस्कार

**9. प्रतियोगिता का नाम : अनुवाद प्रतियोगिता (सभी के लिए)**
प्रतियोगिता के नियम : यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की जाएगी । इस प्रतियोगिता में एनसीपीओआर के सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं । इसमें प्रतिभागियों को अंग्रेजी के एक अनुच्छेद (पैराग्राफ) का हिन्दी में अनुवाद करना होगा । अनुवाद हेतु गूगल ट्रांसलेट या इंटरनेट का भी उपयोग किया जा सकता है।

समय: 26 सितंबर 2023, अपराह्न 15-16 बजे
पुरस्कार : कुल 6 पुरस्कार

**नामांकन:** हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अपना नामांकन दिनांक 13 सितंबर 2023 तक saurabhbhatt@ncpor.res.in पर भेज सकते हैं।

**पुरस्कार राशि** -हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं हेतु प्रथम पुरस्कार ( 5000/-रु.), द्वितीय पुरस्कार ( 4000/-रु.), तृतीय पुरस्कार (3000/-रु.) तथा सांत्वना पुरस्कार(2000/-रु.) निर्धारित किए गए हैं।

Please send your nominations to saurabhbhatt@ncpor.res. in latest by 13 September 2023.

सधन्यवाद ।